हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 26 अक्टूबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 विरधा में स्थित पुराना अंग्रेजी बंगला इतिहास के पन्नों से...



09 डायल 112 के चालकों का होगा ड्राइविंग टेस्ट, फेल...



## खबर संक्षेप

### शहर सेवादल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम आज

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले शहर कांग्रेस सेवादल परिवार के मासिक ध्वज वंदन का इस अक्टूबर माह में 75 वां आयोजन है जो मान स्तंभ, गोलाकुंआ, काकागंज वार्ड में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक अवध बिहारी बिल्थरे के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल के प्रदेश महासचिव विजय साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेगे। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने समस्त कांग्रेसी जन, नगर निगम पार्षद गण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, सेवादल परिवार, यंग ब्रिगेड आदि को 26 अक्टूबर 2025 दिन रविवार को मान स्तंभ, गोला कुंआ, काकागंज वार्ड उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

### दशहरा पुरस्कार वितरण समारोह 2 नवंबर को

**सागर।** शिवसेना संगठन के तत्वावधान में दशहरा पर आयोजित की गई मार्शल आर्ट कला, अखाड़ा, श्री नवदुर्गा झांकी काली कमेटी एवं धमाल पार्टी के पुरूष्कारों का वितरण समारोह 2 नबंबर रविवार को शाम 7 बजे से गुजराती बाजार सागर में जनप्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों सहित प्रबुद्ध वर्ग की मौजूदगी में समपन्न होगा । उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने बताया कि निर्णायक मंडल द्वारा चयनित अखाड़ा, काली कमेटी, धमाल पार्टी एवं समाजसेवा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं के साथ-साथ अपराधों की रोकथान में अहम भूमिका निभाने वाले थाना प्रभारियों को भी सम्मानित किया जावेगा । पप्पू तिवारी नें सभी चयनित अखाड़ा, धमाल एवं काली कमेटी के उस्तादों से मय अखाड़ा काली कमेटी के कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की । अपील करने वालों में दीपक लोधी, विकास सिंह, हेमराज आलू, शिवशंकर दुबे, धर्मेन्द्र यादव आदि शामिल हैं ।

### सेक्टर बैठक का आयोजन

**सागर।** सागर ग्रामीण दो परियोजना के तीन सेक्टर बडतुमा, परसोरिया और पथरिया जाट सेक्टर का सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया और साथी खिलौने आधारित प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया । जिसमें कुल 68 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एक सेक्टर सुपरवाइजर ने प्रतिभा किया। सत्र की शुरुआत आंगनबाड़ी के केंद्रों पर चल रहे थीम से हुई जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किया और आगामी थीम पर चर्चा की गई और गतिविधियों की मैपिंग कार्यकर्ताओं से कराई गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं से टीएलम के बारे में पूछा गया और आंगनबाड़ी केदो पर बच्चों के साथ टीएलम का इस्तेमाल करने के प्रभाव पर भी बातचीत की गई और साथ ही टीएलएम बनाते समय हमें किन चीजों का ध्यान रखना चाहिए इस पर भी बातचीत के गई साथी आयु के अनुसार टीएलम का उपयोग कैसे बच्चों के साथ किया जा सकता है इस पर भी बातचीत की गई।

### युवा संगम रोजगार मेला 27 अक्टूबर को

**सागर।** कलेक्टरके मार्गदर्शन एवं निर्देशन में युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 27 अक्टूबर को शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर के परिसर में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यकम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियो के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा।

### संभाग का अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ शुभारंभ

# रोटरी डायग्नोस्टिक सेंटर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा संकल्प लेकर कार्य करें: मंत्री प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

रोटरी क्लब सागर द्वारा संचालित संभाग के अत्याधुनिक रोटरी डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ शनिवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, वरिष्ठ समाजसेवी श्याम तिवारी, गौरव सीरोठिया, सर्वजीत सिंह, आकाश बजाज, मुकेश साहू, आदित्य पटेल, स्वर्णलता खन्ना, सचिन चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, श ज्योति पांडे, सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, रोटरी क्लब सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथि मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि रोटरी क्लब का यह संकल्प स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सागर शहर सहित संपूर्ण बुंदेलखंड के नागरिकों को अब अत्याधुनिक जांच सुविधाएं एक ही छत के नीचे सुलभ होंगी। पहले जिन जांचों में सात दिन लगते थे, अब वे मात्र तीन दिनों में पूरी होंगी, वह भी 20% की छूट के साथ। यह कदम मरीजों और उनके परिजनों के लिए बड़ा राहत भरा होगा।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रोटरी क्लब को “समाजसेवा और जनसेवा का पर्याय” बताया। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा संचालित यह केंद्र जनता को समय पर जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएगा। रोटरी जहां जुड़ता है, वहां सेवा अपने आप आ जाती है।

विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि यह केंद्र सागर की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। अब नागरिकों को जटिल जांचों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह सस्ता, सुलभ और सटीक जांच का भरोसेमंद केंद्र बनेगा।

डायग्नोस्टिक सेंटर के निदेशक आकाश बजाज एवं मुकेश साहू ने बताया कि केंद्र में नवीनतम तकनीक की फुली ऑटोमेटिक मशीनें स्थापित की गई हैं। यहां एक ही छत के नीचे इको, फार्मेसी, डॉक्टर ओपीडी, ब्लड बैंक सहित सभी जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से मॉलेक्युलर पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और कैंसर जांचें, जो पहले सागर में संभव नहीं थीं, अब यहीं की जा सकेंगी। रिपोर्ट मात्र 2 से 3 दिनों में उपलब्ध होगी। सभी जांचें एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. नैंसी के सुपरविजन में की जाएंगी, जिससे परिणाम सटीक और विश्वसनीय रहेंगे।

इस अवसर पर डॉ. एन.एस. मौर्य, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र अहिरवार, रोटरी क्लब के कर्नल महेंद्र मिश्रा, संजीव पटेल, सुखदेव सिंह घुम्मन, राज अरोड़ा, मधुसूदन, सुरजीत देवलिया, डॉ जनार्दन जादव, देवेश, आशीष, अभिषेक जैन, अमित जैन, अंकुर अग्रवाल, नमन समैया, सिद्धार्थ जैन, प्रिंस जैन, ऋतुराज जैन सहित अलग-अलग प्रांत के पदाधिकारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक संपन्न

**सागर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा सागर ईकाई की बैठक का आयोजन मकरोनिया में किया गया बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी कुमायु रहें। बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा समाज के महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया बैठक में समाजिक मुद्दों, संगठन के विस्तार, समाज में व्याप्त कुरीतियों को हटाने के साथ साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती मनाने की रुपरेखा तैयार की गई। 31 अक्टूबर को सागर जिले के गढ़ाकोटा में आयोजित होने जा रही विशाल वाहन रैली में जिले भर से समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया गया और रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई । जयंती के अवसर पर सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाजजन रैली के रुप में गढ़ाकोटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## केसली व रहली तहसील में किसानों के खेत में पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिले में पराली नरवाई जलाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील केसली एवं रहली क्षेत्र में अलग-अलग किसानों के विरुद्ध फसल अवशेष जलाने पर अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।

तहसील कार्यालय केसली के पटवारी अरविंद कुर्मी पटेल ने तहसीलदार केसली के आदेश के तहत थाना गौरझामर को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें ग्राम नयानगर निवासी राकेश कुमार पिता गोकलचंद जैन द्वारा खेत में पराली जलाने की जानकारी दी गई। जांच में पाया गया कि आरोपी ने अपनी भूमि खसरा नंबर 480/2 रकबा 2.00 हेक्टेयर पर मक्का की फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों को जलाया, जिससे पर्यावरण प्रदूषण एवं आगजनी की संभावना उत्पन्न हुई। इस पर थाना गौरझामर में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

इसी प्रकार तहसीलदार केसली के तहत ग्राम जनकपुर के किसान भरत पिता शिवराज लोधी एवं आशीष पिता शिवराज लोधी द्वारा अपनी भूमि खसरा नंबर 359/2 रकबा 2.59 हेक्टेयर पर पराली जलाने का मामला सामने आया। मौके की जांच में पाया गया कि दोनों किसानों ने बिना अनुमति खेत में आग लगाई, जिससे जनहानि, धनहानि एवं पर्यावरणीय क्षति की संभावना बनी।तहसील रहली क्षेत्र में आवेदक बलराम अहिरवार की रिपोर्ट पर ग्राम ढिकुआ निवासी जयराम पिता हरिराम कुर्मी के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ। आरोपी ने अपने खेत खसरा नंबर 45/1, रकबा 1.49 हेक्टेयर में पराली जलाकर शासन के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया था। तीनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में पराली जलाने की किसी भी घटना को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे खेतों की सफाई के लिए वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल विधियों का उपयोग करें।

### एक शाम शहीदों के नाम 27 अक्टूबर को

**सागर।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी ओरेकल इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप सागर अमर शहीद कालीचरण तिवारी जी की 26वीं पुण्यतिथि पर देशभक्ति से उत्प्रोत कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम का आयोजन करने जा रही है। इस कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा रिदम द्वारा देश भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही एवरेस्ट विजेता सुश्री भावना डहेरिया कार्यक्रम में शिरकत कर महिला शशक्तिकरण का संदेश देगी। एक शाम शहीदों के नाम 27 अक्टूबर दिन सोमवार को अमर शहीद कालीचरण चौराहा सिविल लाइन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सागर के सभी शहीदों के परिजनों का सम्मान शाल श्रीफल से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व वर्ष अनुसार अमर शहीद कालीचरण तिवारी सम्मान पत्र यामिनी मौर्य राष्ट्रीय स्तर पर जूडो खिलाड़ी के रूप में 2025 में विक्रम सम्मान प्राप्त, अर्पित प्रजापति राष्ट्रीय रेनॉल्ट पिस्टल शूटर, राजेश यादव झील बोट क्लब सागर, साथ ही ऑपरेशन विजय कारगिल युद्ध में शामिल भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष शर्मा एस एस ओ स्टेशन हेडक्वार्टर कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार खत्री करेंगे, विशिष्ट अतिथि सुनील जैन पूर्व विधायक होगे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी।ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी. टी.एम.एस.ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जाएगा।

### विश्वविद्यालयों को छात्र प्रथम के ध्येय के साथ कार्य करना चाहिए: प्रो. जी. एस. बाजपेयी

# डॉ. मेहताब का लोकतांत्रिक आदर्श हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है: कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार डॉ. हरेकृष्ण मेहताब, प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, इतिहासकार एवं समाज सुधारक की स्मृति में रंगनाथन भवन में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. जी.एस. बाजपेयी, कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, सारस्वत अतिथि प्रो. बलराम पाणी, डीन ऑफ़ कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. छबिल कुमार मेहेर, उपनिदेशक (राजभाषा), गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने की। स्वागत वक्तव्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. हिमांशु कुमार पाण्डेय, विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, विधि अध्ययनशाला ने प्रस्तुत की। आभार ज्ञापन कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय नई दिल्ली एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के मध्य एक अकादमिक समझौता (एम.ओ.यू.) भी हुआ।



प्रो. जी. एस. बाजपेयी ने कहा कि मैं पूरे देश के अलग-अलग स्थानों पर भ्रमण करता रहता हूँ और पूरी दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भी मेरा आना जाना लगा रहता है लेकिन सागर की कोई तुलना नहीं है। मैं यहाँ छात्र और शिक्षक दोनों रहा। इस विश्वविद्यालय और डॉ. गौर के प्रति मेरी अगाध श्रद्धा और प्रेम है। दो संस्थाओं के बीच होने वाला यह शैक्षणिक समझौता ऐतिहासिक है। इस माध्यम से मैं इस विश्वविद्यालय में कुछ योगदान कर पाऊंगा, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने आइडिया ऑफ़ यूनिवर्सिटी विषय पर बात रखते हुए विश्वविद्यालयों की प्रासंगिकता, उनके महत्त्व और उनकी भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य केवल ज्ञान का प्रसार करना नहीं था बल्कि समाज में योगदान करना भी था। विश्वविद्यालय ज्ञान के प्रकाश का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है जहाँ से पूरे समाज को बदलने का रास्ता मिलता है। उन्होंने शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कहा कि शिक्षक को स्वयं में भी बदलाव के लिए तैयार रखना चाहिए। छात्रों के बीच उत्सुकता बनाये रखना और प्रश्नाकुलता पैदा करना एक अच्छे शिक्षक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केन्द्रों में नवाचार बहुत आवश्यक है। हमें अपने माइंड सेट को बदलना चाहिए तभी नवाचार संभव है। विश्वविद्यालयों की प्रासंगिकता और उपादेयता उनके सामुदायिक योगदान से ही सिद्ध हो सकेगी. विश्वविद्यालयों को छात्र प्रथम के ध्येय के साथ कार्य करना चाहिए।

प्रो. बलराम पाणी ने डॉ. हरे कृष्ण मेहताब की जीवनी और उनके स्वाधीनता आन्दोलन में योगदान पर बात रखी। उन्होंने कहा कि डॉ. मेहताब सच्चे अर्थों में एक नेतृत्त्वकर्ता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे. वे एक सृजनात्मक पत्रकार भी थे। उन्होंने 1923 में प्रजातंत्र नामक अख़बार की शुरुआत की। बाद में यह पत्र 1930 में दिल्ली से भी निकलना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महानायक से सीख लेनी चाहिए और उनके आदर्शों पर चलकर देश की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रश्नों का उत्तर जानना ज्ञान का परिचायक नहीं है बल्कि प्रश्न ज्ञान के विस्तार का माध्यम हैं।



## नवीन मार्केट, चौपाटी दुकानों का युवा नेता अभिषेक भार्गव ने किया भूमिपूजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में शनिवार को घंटाघर स्थित (फटका) चौराहे पर नवीन मार्केट चौपाटी दुकानों निर्माण कार्य का भूमिपूजन पं.अभिषेक भार्गव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात सेल्फी प्वाइंट पर चल रहे निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी,मुख्य नपा अधिकारी धनंजय गुमास्ता, कुश भार्गव सहित पार्षदगण एवं कर्मचारीयों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर के निर्देश का असर, सभी कृषि मंडियों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश का तत्काल असर देखने को मिला जब जिले की सभी कृषि मंडियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया गया। सीसीटीवी कैमरे लगने से किसान भाइयों को सोयाबीन एवं मक्का की उपार्जन में कोई भी परेशानी का सामना नहीं करने पड़ेगा क्योंकि सभी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी स्मार्ट सिटी के सिटी कमांड कंट्रोल सेंटर से इसकी मॉनीटरिंग की जाएगी। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि किसान भाईयों की सुविधा के लिए चलाई गई भावांतर योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत किसान भाइयों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और उनका समय पर सोयाबीन का उपार्जन हो और सभी व्यवस्थाएं आवश्यक सुनिश्चित की जा सके इसके लिए उन्होंने कहा कि सभी कृषि मंडियों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है जिससे कि उनकी सुरक्षा की जा सके और गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वह अपने सोयाबीन की उपज को कृषि मंडियों में लेकर आएं और अपना उपार्जन योजना के अंतर्गत करें। उन्होंने कहा कि सभी पात्र किसान भाइयों के द्वारा पंजीयन किया जा चुका है और आप सभी आज से प्रारंभ हुए भावांतर योजना के माध्यम से खरीदी प्रारंभ की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी किसान भाई मंडी में आने के पहले अपना पंजीयन क्रमांक, आधार क्रमांक लेकर मंडी में आए और आसानी से उपार्जन कराएं।



## विधायक जैन सपत्नीक हुए 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान में शामिल

**सागर।** तिलकगंज स्थित जैन तीर्थ परिसर में आर्यिका विजिज्ञासा श्री माताजी के सानिध्य में चल रहे 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान में शनिवार को विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन अपनी धर्मपत्नी लीगल राइट्स काउंसिल इंटरनेशनल की चेयरमैन अनुश्री शैलेन्द्र जैन के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक दंपति ने अर्घ समर्पित किए, श्रीफल भेंटकर माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। आर्यिका विजिज्ञासा श्री माताजी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि किसी भी धार्मिक महोत्सव में शामिल होना जीव के पुण्य कर्मों का फल होता है। धर्मानुष्ठान आत्मा की शुद्धि और समाज में सद्भाव का संदेश देता है। विधायक शैलेन्द्र जैन ने अपने उद्बोधन में कहा जब किसी भूमि पर धर्मानुष्ठान का आयोजन होता है तो वह भूमि वंदनीय बन जाती है। तिलकगंज ही नहीं, समूचा सागर नगर ऐसे यज्ञों की आराधना से सौहार्दपूर्ण और पवित्र बनता है।

## पीएम आवास योजना के 57 डिफाल्टर हित ग्राहियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए

### किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ न करने पर हितग्राहियों के बैंक खाते फ्रीज कराने की कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर पालिक निगम सागर अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राही जिन्हें आवास निर्माण हेतु किश्त की राशि प्रदान की गई परन्तु उन्होंने आवास निर्माण प्रारम्भ नहीं कराया, उनका सर्वे नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश पर किया जा रहा है सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा दी गई रिपोर्ट अनुसार 57 हितग्राही ऐसे हैं जो शहर से बाहर अन्यत्र चले गए हैं इन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं कराया है। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने शहर से बाहर जाने वाले ऐसे सभी 57 डिफाल्टर हितग्राहियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न बैंकों में उनके खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राहियों की जांच की जा रही है जिन्होंने किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद भी अपने आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है तथा ऐसे सभी हितग्राहियों को निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किए गए थे फिर भी 165 हितग्राहियों के अलावा इन 57 हितग्राहियों के द्वारा भी आवास निर्माण का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया तथा शहर से बाहर चले गए हैं।

उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त खत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बी एल सी घटक के अंतर्गत ढाई लाख रुपए की राशि से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए थे कि आवास निर्माण के लिए किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ न करने वाले हितग्राहियों को आवास निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु नोटिस जारी किए जाएं। नोटिस देने के बाद भी हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। ऐसे डिफाल्टर हितग्राहियों के विभिन्न बैंकों में खाते फ्रीज कराने की कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित इंजीनियर को दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### पुत्री को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना गिरार क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 20 अक्टूबर को अपराह्न करीब 4 बजे से उसकी 14 वर्षीय पुत्री को ग्राम पिपरिया निवासी साहिल अहिरवार पुत्र श्यामलाल अपने सहयोगी ग्राम बड़वार निवासी देवेन्द्र अहिरवार पुत्र धनुवा के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उसने पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। महिला ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पति पर लगाया मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी विमलेश सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति आये दिन शराब पीकर उसे गालियां देते हुये मारपीट करता है। 22 अक्टूबर को उसका पति शराब पीकर आया और खाना मांगते हुये गालियां देने लगा। मना करने पर उसने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसका पति आये दिन अपने दोस्त वसीम व इमरान के साथ आता है और दोस्तों के जाने के बाद उसके साथ मारपीट करता है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बृजेश सेन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महरौनी पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी आशीष कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में महरौनी पुलिस ने ग्राम सुकाड़ी निवासी तूफान राजा पुत्र गिन्नी राजा को हिरासत में लिया है। वारण्टियों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भयचन्द्र, उ.नि. गुलाम फरीद, उ.नि.निखिल मलिक, हे.का. विपिन अवस्थी, का. सचिन सैलानी, हो.गा. देवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### पत्रकार को पितृशोक श्रद्धांजलि अर्पित की

**ललितपुर।** जर्नलिस्ट एसोशिएशन ऑफ इंडिया की एक आवश्यक बैठक तालाबपुरा स्थित कार्यालय पर आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता पत्रकार अरविन्द कुमार संज्ञा ने की। बैठक में झांसी के वरिष्ठ पत्रकार सुधीर त्रिपाठी के पिता के गोलोक गमन पर शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उपस्थितजनों ने दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से कामनाएं कीं। बैठक में पत्रकार प्रमोद गोस्वामी, अमित लखेरा, मनीष पाठक, आशीष तिवारी, पंकज रैकवार, सूरज सिंह राजपूत, अमित राठौर, अवनीश पुरोहित, सुरेश कौंते, विनोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

**विदिशा।** हैदरगढ़ में 27 वर्षीय मनीष यादव ने बुधवार शाम सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार जब मनीष की हालत बिगड़ने लगी तो उसने बताया कि उसने यह जहरीला पदार्थ खा लिया है। मृतक के भाई अनिल यादव ने बताया कि इससे पहले भी तीन लोगों की मौत इसी तरह के जहर से हो चुकी है। अनिल यादव ने प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक मनीष आर्थिक परेशानी से गुजर रहा था। जमीन में घाटा होने के कारण उसने यह कदम उठाया।

### युवक ने कर ली आत्महत्या

**विदिशा।** राजा भैया कॉलोनी में भाईदूज के दिन एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव की पहचान अभिषेक अहिरवार (24) के रूप में हुई, जो पुट्टी करने का काम करता था। उसके पिता श्याम सिंह अहिरवार ने इस संबंध में बताया।

---

124 साल पुरानी ऐतिहासिक धरोहर रातों-रात जमींदोज

# विरधा में स्थित पुराना अंग्रेजी बंगला इतिहास के पन्नों से कर दिया गायब





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले के ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम बिस्था में 1901 में निर्मित ब्रिटिशकालीन बिरधा इन्सपेक्शन हाउस को बिना किसी अनुमति के ध्वस्त कर दिए जाने से पूरे दिन क्षेत्र में गहरा रोष फैल गया है। इंडो-गॉथिक स्थापत्य शैली में निर्मित यह लाल बलुआ पत्थर और श्वेत पत्थर की इमारत आजादी से पहले ब्रिटिश अधिकारियों व पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के विश्राम स्थल के रूप में जानी जाती थी। ग्रामीणों के मतानुसार, यहां अदालतें भी लगती रही होगी। स्थानीय बुजुर्गों के मुताबिक अंग्रेजी बंगला के नाम से प्रसिद्ध यह इमारत सिर्फ एक ढांचा नहीं थी, बल्कि गांव की पहचान और पीढिय़ों की यादों का प्रतीक थी। प्रकरण के तूल पकडऩे पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को दिये। आदेश मिलते ही एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने बिरधा स्थित मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू की और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज कराये। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस 124 वर्ष पुरानी धरोहर को रातों-रात जमींदोज कर दिया गया, जबकि नियमानुसार किसी भी ऐतिहासिक इमारत को गिराने से पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.), राज्य विरासत संरक्षण समिति और पीडब्ल्यूडी विभाग से अनुमति आवश्यक होती है। इतना ही नहीं, ध्वस्तीकरण से 15 दिन पूर्व सार्वजनिक अखबारों में सूचना देकर जनता से आपत्तियां आमंत्रित करना भी कानूनी दायित्व है, जिसकी यहां पूरी तरह अनदेखी की गई।

#### इतिहास के साथ अपराध हुआ है

इस घटना पर समाजसेवी मोहिनी रजक ने कहा कि बिस्था का यह इन्सपेक्शन हाउस केवल एक इमारत नहीं, हमारी विरासत की आत्मा था। इसे बिना अनुमति तोडऩा इतिहास के साथ अपराध है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में कोई हमारी धरोहरों से खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे। प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व अधिनियम, 1958 के अंतर्गत 100 वर्ष से अधिक पुरानी इमारतों को ऐतिहासिक स्मारक के रूप में संरक्षण प्राप्त होता है। इस अधिनियम में ऐसे स्मारकों को नुकसान पहुंचाने या नष्ट करने पर कठोर दंड का प्रावधान है।

**हमारी पहचान मिटा दी गई:** ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी ललितपुर को ज्ञापन देकर इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी व खुली जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों/व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि बिस्था की ऐतिहासिक पहचान थी जिसे एक रात में इतिहास से मिटा दिया गया।

#### जिला पंचायत की भूमिका पर उठता सवाल

ऐतिहासिक धरोहरों और ग्राम स्तरीय सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण में जिला पंचायत विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाली पुरानी संरचनाओं, विश्राम गृहों, तालाबों, भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों की देखरेख, सूचीकरण और संरक्षण की जिम्मेदारी पंचायत विभाग के माध्यम से तय होती है। बिस्था ग्राम में स्थित 124 वर्ष पुराना बिरधा इन्सपेक्शन हाउस भी पंचायत क्षेत्र की संपत्ति के रूप में दर्ज था, इसलिए इसके किसी भी प्रकार के विध्वंस, मरम्मत या हस्तांतरण से पूर्व जिला पंचायत विभाग की अनुमति और तकनीकी रिपोर्ट आवश्यक थी। विभाग का यह दायित्व है कि वह ऐसी विरासत संपत्तियों की पहचान कर उन्हें ग्राम विरासत स्थल के रूप में चिन्हित करे और इनके संरक्षण हेतु राज्य सरकार तथा पुरातत्व विभाग के समन्वय से कार्ययोजना बनाए। इस मामले में विभाग की निष्क्रियता और निगरानी की कमी ने ऐतिहासिक धरोहर को मिटा देने का मार्ग प्रशस्त किया।

#### विरासत के मलबा पर उठता सवाल

*बिरधा का यह इन्सपेक्शन हाउस अब मलबे में तब्दील हो चुका है, लेकिन इसके साथ उठे सवाल यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हमारी ऐतिहासिक धरोहरें तब तक सुरक्षित हैं, जब तक किसी की नजर उन पर नहीं पड़ती?*

#### ज्ञापन पर इनके थे हस्ताक्षर

*डीएम को भेजे ज्ञापन पर पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की सदस्य मोहिनी के अलावा राजीव साहू बिरधा, लक्ष्मी, कपिल साहू, नीलू, अरविन्द कुशवाहा, धर्मेंद्र, गोपी, सतीश, मुन्नालाल, मनोहर, सहोदर, लालबहादुर, रामकिशन, दिनेश, आनन्द, गनेश, नन्दकिशोर, अरविन्द, महेश राजा, काशीराम, संतोष, मंगल सिंह, संजय, अमर सिंह, घासीराम कुशवाहा, कल्लू, जगभान, संतोष, लालचंद्र, राजेश कुशवाहा, छलौने के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।*

#### एडीएम पहुंचे मौके पर शुरू हुई जांच

*जिला पंचायत द्वारा मनमाने तरीके से अंग्रेजी बंगला गिराये जाने के आरोपों के जोर पकड़ते ही जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश किये हैं। डीएम के आदेश पर एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बिरधा स्थित अंग्रेजी बंगला ध्वस्तीकरण वाले मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर एडीएम ने स्थानीय लोगों के बयान भी दर्ज कराने की प्रक्रिया अपनायी। इधर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कहा गया की धरोहर गांव के विकास मैं बाधक बन रही थी उसे हटाकर गौशाला और स्टेडियम का शीघ्र निर्माण कराया जाएगा जबकि आम जनता का कहना है हटाने की जगह उस धरोहर को पुनः सुरक्षित निर्माण को संभाल कर भी गोशाला और स्टेडियम के निर्माण में उपयोग में लिया जा सकता था जिससे निर्माण का काम हो जाता और शासन का धन और इमारत भी सुरक्षित रहती।*

---

घंटाघर पर भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

## डा.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को जमीन चिन्हित होने का दावा




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले के कई ग्रामीण अंचलों में डा.भीमराव अम्बेड्कर पार्क के नाम पर आरक्षित जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाकर पुर्ननिर्माण एवं मूर्ति स्थापना के साथ बुल्डोजर के लिए प्रभावी कार्यवाही, दलितों पर अत्याचार बढऩे का आरोप लगाते हुये ऐसे उत्पीडऩात्मक कार्यवाहियों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक रामदास गौतम के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुये कार्यकर्ताओं ने डीएम को एक ज्ञापन भेजा है। उन्होंने बताया कि जिले के अनेकों गांव ऐसे हैं, जहां डा.भीमराव अम्बेड्कर के पार्कों की भूमि वर्षों से चिह्नित है, किन्तु अधिकांश स्थानों पर आज भी दबंगों द्वारा कब्जा जमा रखा है, ऐसे दबंगों को चिह्नित करते हुये जमीनों को कब्जा मुक्त कराया जाये। इसके अलावा उन्होंने सजातीय बंधुओं पर हो रहे अत्याचारों व उत्पीडऩ पर तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी। इसके अलावा उन्होंने किसानों को खाद समय पर व निर्धारित दामों पर दिलाये जाने के अलावा अन्य समस्याओं के निस्तारण की भी मांग उठायी। ज्ञापन देने के पूर्व भीम आर्मी ने घण्टाघर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान रामदास गौतम, बाबूलाल, साहब सिंह, अंशुल, दौलत, अनंतराम सूर्यवंशी, भागीरथ चौधरी, संजीव कुमार, अमित, चाली राजा, जयराम गौतम, तेज सिंह, मंगल, अभिषेक, राजेश, अरून, अमित, रामभरत, अरविन्द, मोतीलाल गौतम, लालसिंह, दीपक गौतम, शिशुपाल गौतम, तिलक राज चौधरी, अजय कुमार, अरून वंशकार, राजीव गौतम, खलक सिंह, इन्दल, आकाश अहिरवार, अवतार सिंह, सत्यभान, जयपाल गौतम, पुष्पेन्द्र चौधरी, सचिन चौधरी, विशाल गौतम, अंकित अहिरवार, हरबाल, सोहन सिंह के अलावा अनेकों महिलायें और कई गांवों से आये लोग मौजूद रहे।

---

## हाईवे पर चार लोगों ने युवक को पीटा, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर स्थित आरएमवी कॉलेज के पास बनी कालोनी में रहने वाली सोनम यादव पत्नी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 अक्टूबर को 6 बजे उसके भाई छोटू पुत्र लखन यादव से हाई-वे पर अमर पाल ने अपने चार अन्य लोगों में रोहन, रौनक, ऋषि पुत्रगण फेरन के साथ एकराय होकर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद जब वह उलाहना देने उनके घर पहुंची तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट करते हुये उसके पिता लखन यादव की उंगली काट ली और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## उच्च कोटि की गणवेश पर सुमित व अभिनेश को मिली प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की।

डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवाभाव से कार्य करने हेतु प्रेरित कर त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन कर रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने परेड के निरीक्षण में हे.कां.सुमित वर्मा व कां.अभिनेश सिंह को उनके द्वारा उच्च कोटि की वर्दी धारण करने के लिए प्रशंसा कर उत्साहवर्धन हेतु नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

#### पीआरवी कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार की परेड के दौरान पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर पीआरवी 5808 के रजिस्टर को चेक किया गया तो उसमे सभी प्रविष्टियां निर्धारित प्रारुप में स्पष्ट रुप से अंकित पायी गयी, जिसमें पीआरवी 5808 के अधिकारी व कर्मचारियों में उ.नि.भूपेन्द्र पाल सिंह, हे.कां.शत्रुन्ज्य प्रताप सिंह एवं चालक हे.कां. अरूण राय को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार की धनराशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

---

युवक, युवतियों व अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का अवसर

## ललितपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 को

**ललितपुर ।** जनपद के समस्त युवक एवं युवतियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी जनपद-ललितपुर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे किया जा रहा है। वृहद रोजगार मेले में 1 आर्कटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेन्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 2-हेडलाइन डिजीटल फ्यूचर कन्ट्रोल इण्डिया प्रालि में बीपीओ टेलीकॉलर ऑफिस असिस्टेंट पद हेतु 30 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 4 जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 5-हंसवाहिनी एम्प्लाइमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में ऑफिस मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव पद हेतु 65 रिक्तियां 6-आरके इलैक्ट्रॉनिक्स में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 140 रिक्तियां 7-श्री गनेशा कंसल्टेंट एण्ड मैनपावर सर्विसेज में लॉन ऑफिसर पद हेतु 80 रिक्तियां 8-आरएसवी ज्वाइन इंडिया प्रालि में ऑटोमोबाइल सॉल्यूसन टेक्नी पद हेतु 500 रिक्तियां 9-ईडीयू वेन्टेज प्रालि में ट्रेनी ऑपरेटर पद हेतु 50 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियों भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमें शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियों रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है। किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमांड नहीं की जाती है।

## मंदिर जा रहे थे, बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम निवउवा में रहने वाले धूप सिंह पुत्र निरपत सिंह ने तालबेहट पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे मौनी परमा का त्योहार होने के कारण वह अपने पिता व गांव के वंशीलाल पुत्र घुम्मन, शिवचरन पुत्र बच्चूलाल, कल्लूराम पुत्र गोले, दीपक पुत्र दयाली, बारेलाल पुत्र गम्मे व अन्य लोगों के साथ तेरई फाटक के पास देवा माता मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी असऊपुरा के पास पहुंचने पर उसके पिता हाईवे पटरी किनारे उतरकर पेशाब करने लगे, तभी शाम करीब 6 बजे तेज गति से ललितपुर की ओर से भागती आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 3394 के चालक ने उनके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता जमीन पर गिर गये। यह देखकर उन्होंने तत्काल एम्ब्युलेंस को फोन करके बुलाया।

एम्ब्युलेंस के जरिए घायल पिता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उसके पिता को उपचार के लिए ललितपुर जिला अस्पताल और फिर झांसी रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचने से पहले ही उसके पिता ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक ग्राम ककड़ारी के धमकना निवासी राजकुमार पुत्र धनीराम कुशवाहा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

वीआई पी नंबर के लिए आवेदन आमंत्रित

## परिवहन विभाग ने वाहन की नंबर की नई सीरीज आवंटित

**ललितपुर ।** सहपरिवहन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया कि इस कार्यालय में निजी वाहन के लिए आवंटित पंजीयन सीरीज 24 अक्टूबर को समाप्त की गई है। राजस्व/जनहित के दृष्टिगत कार्यालय डी.बी.ए. को आदेशित किया जाता है कि निजी वाहनों के पंजीयन हेतु नई सीरीज कम्प्यूटर में प्रारम्भ किये जाने हेतु अपलोड करें, तथा शासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-9/2018/360/तीस-4-2018-8 (2)/2016, दिनांक 13.03. 2018 के कम में मुख्यालय के पत्र संख्या 59 (शा.) सा.प्र./ 2018-41 टीआर/72-18, दिनांक 16 मार्च, 2018 द्वारा नई सीरीज के आकर्षक पंजीयन चिन्हों को ई-ऑक्शन प्रणाली के माध्यम से आरक्षित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के दृष्टिगत 24 अक्टूबर को नई पंजीयन सीरीज प्रारम्भ होगी। नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बुकिंग हेतु वेबसाइट है। 25 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 28 अक्टूबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन। 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 1 नवंबर को सायं 6 बजे तक नीलामी प्रक्रिया। उक्त आकर्षक पंजीयन चिन्ह प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक अथवा आकर्षक पंजीयन चिन्ह ई-ऑक्शन प्रणाली के माध्यम से उपरोक्तानुसार आरक्षित कराना सुनिश्चित करें। डीबीए पंजीयन सीरीज के अवशेष आकर्षक पंजीयन चिन्हों को कम्प्यूटर में लॉक करना सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगें।

गैसे पाक के महीने के अंत में सदनशाह मस्जिद में हुई तकरीर

## इल्म का मकसद सिर्फ दुनिया कमाना ही नहीं है, बल्कि अल्लाह की पहचान हासिल करना :मुफ्ती नौशाद जमाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

हजरत बाबा सदनशाह मस्जिद में जुमा की नमाज के पहले इमाम मुफ्ती नौशाद जमाली ने बयान करते हुए हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की जीवन और शिक्षाओं पर रोशनी डालते हुए बताया कि हम गौसे पाक अब्दुल कादिर जीलानी के बताए और दिखलाए रास्ते पर चलकर दुनिया व आखिरत संवार सकते हैं।उन्होंने गौसे आजम को अल्लाह का महबूब बंदा व वलियों का सरदार बताया। मुफ्ती नौशाद जमाली ने अकीदतमंदों से हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की जीवन शैली और उनके कार्यों को पढऩे का आह्वान किया।



बताया कि आपके साथ कई करमात (चमत्कार) जुड़े हुए हैं, जो आपके रुहानी मुकाम और अल्लाह के करीब होने का सबूत माने जाते हैं। ये करामात लोगों की मुश्किलों को हल करने और उन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए प्रकट हुए।

#### तालीम की बुनियाद

गोसे पाक फरमाते हैं कि इल्म वो दौलत है जो इंसान को दुनियावी और दीनी दोनों मायने में कामयाबी दिलाता है। लेकिन इल्म का मकसद सिर्फ दुनिया कमाना नहीं बल्कि अल्लाह की पहचान हासिल करना और इंसानियत की खिदमत करना है इल्म वही है जो दिल को रोशन करें और इंसान को समाज का फायदा पहुंचाने वाला बनाए।

#### नौजवान और तालीम

गौसे आजम रहमतुल्लाह आले ने नौजवानों को हमेशा इल्म हासिल करने और अपने किरदार को मजबूत बनाने की नसीहत दी उन्होंने कहा नौजवान कौम का असल सहारा है अगर उनके हाथों में फिल्म और दिलों में तकबा होगा तो पूरा मुअशरा तरक्की करेगा आज के दौर में जब नई नस्ल मोबाइल इंटरनेट और नई तकनीक से जुड़ी हुई है गौसे आजम का पैगाम हमें यह सिखाता है कि टेक्नोलॉजी और इल्म का इस्तेमाल सही मकसद के लिए किया जाए तालीम सिर्फ दिमाग को तेज करने का नाम नहीं बल्कि दिल को पवित्र बनाने का भी नाम है।


### पुलिस विभाग की पहली बार डायल 112 के चालकों को लेकर कार्रवाई

# डायल 112 के चालकों का होगा ड्राइविंग टेस्ट, फेल होने वालों की होगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पुलिस की डायल 112 की गाडियों को जो चालक चला रहे है,अब उनका पुलिस विभाग ड्राइविंग टेस्ट लेगा। यह पहला अवसर है,जब पुलिस विभाग डायल 112 के चालकों का ड्राइविंग टेस्ट लेने जा रहा है। खास बात यह है कि इस टेस्ट के दौरान जो चालक फेल हो जाएंगे,उनकी डायल 112 के चालक पद से छुट्टी भी हो जाएगी और उनकी जगह नए चालक रखे जाएंगे। ऐसा पुलिस विभाग के अधिकारी बता रहे है। रविवार और सोमवार को होने वाला यह टेस्ट पुलिस लाइन में आयोजित होगा। जिसकी तैयारियां पुलिस विभाग के द्वारा कर ली गई है।

मौके पर पहुंचकर आमजन को पुलिस की मदद उपलब्ध कराने के लिए इन दिनों जिले की सडकों पर पुलिस की डायल 112 की गाडियां दौड रही है। पहले यह गाडियां डायल 100 के नाम से दौड रही थी,लेकिन गुजरे 15 अगस्त से मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार ने डायल 100 में बदलाव करते हुए इसे डायल 112 नया नाम दिया है। यही वजह है कि पहले डायल 100 घुमाने पर आने वाली पुलिस अब डायल 112 घुमाने पर लोगों की मदद के लिए मौके पर पहुंच रही है। डायल 112 की नई गाडियां नई तकनीक से लैस भी बनी हुई है। बताया जा रहा है कि पहले की तुलना में इन गाडियों को घटना स्थल पर पहुंचने में समय भी कम लग रहा है।



**आज और कल होगा ड्राइविंग टेस्ट**

डायल 112 की सेवा को और बेहतर किए जाने के लिए पहली बार इन गाडियों को चलाने वाले चालकों का टेस्ट लिया जाएगा। पुलिस मुख्यालयों के निर्देशों के पालन में आयोजित होने वाला ड्राइविंग टेस्ट रविवार और सोमवार को आयोजित होगा। इसके लिए सभी डायल 112 के चालकों को अपनी गाडियों के साथ पुलिस लाइन में आना होगा, जहां पुलिस अधिकारियों की देखरेख में चालकों का ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा और फिर उनकी टेस्ट रिपोर्ट भोपाल स्तर पर भेजी जाएगी। बताया गया है कि इस टेस्ट में जो चालक पास होगे,वहीं आगे डायल 112 की गाडियों पर ड्राइविंग कर पाएंगे।

**श्योपुर जिले में दौड़ रही 11 डायल 112 की गाडियां**

बता दें कि डायल 112 की नई सेवा के तहत श्योपुर जिले को 11 गाडियां मिली है। इनमें 8 बोलेरो और 3 स्कार्पियो गाडी है। श्योपुर पहुंची इन सभी 11 गाडियों को निवर्तमान पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन हरीझंडी दिखाकर जिले की सडकों पर आमजन की मदद के लिए रवाना कर चुके है। तब से ही डायल 112 की गाडियां आमजन की मदद के लिए जिले की सडकों पर दौड रही है। श्योपुर के शहरी क्षेत्र में जहां डायल 112 की 2 स्कार्पियों गाडी है। वहीं एक स्कार्पियों गाडी विजयपुर क्षेत्र में तैनात की गई है। जबकि 8 बोलेरा गाडियों को ग्रामीण क्षेत्र में तैनात किया गया है।

**इनका कहना है**

डायल 112 के चालकों का ड्राइविंग टेस्ट रविवार और सोमवार को पुलिस लाइन में लिया जाएगा। टेस्ट की रिपोर्ट तैयार कर पीएचक्यू को भेजी जाएगी।

**अखिलेश शर्मा**
**रक्षित निरीक्षक,श्योपुर**

### पुरानी रंजिश को लेकर हुआ विवाद

# बड़ौदा में दो पक्षों के बीच चले लाठी डंडे, 13 घायल, क्रॉस एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 6 में रहने वाले दो पडोसी परिवार बीती रात को पुरानी रंजिश को लेकर आपस में भिड गए। इस दौरान दोनो पक्ष के लोगों के बीच आपस में जमकर लाठी डंडे चले। इस विवाद में दोनों पक्षों के 13 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए बडौदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

बडौदा थाना पुलिस के मुताबिक बडौदा के वार्ड क्रमांक 06 निवासी गिर्राज गुर्जर और रामराज गुर्जर आपस में पडोसी परिवार है। इनके बीच किसी पुरानी बात को लेकर रंजिश चल रही है। इसी रंजिश पर



शुक्रवार की शाम को दोनों परिवार के लोगों के बीच कहासुनी हो गई। यह कहासुनी देखते ही देखते विवाद में तब्दील हो गई और दोनो पक्ष के लोग आपस में लाठी डंडे लेकर आमने सामने हो गए। जिसे जहां मौका मिला,उसने वहां वार किया। विवाद में एक तरफ से गिर्राज गुर्जर, सरूपी बाई, अनिता गुर्जर, सुनीता, मुकेश, उर्मिला, रीना, अनिल गुर्जर और अनिल का दोस्त किशन माहौर घायल हो गए। वहीं दूसरी तरफ से चार लोग रामराज, देवराज, तोलाराम, मुकुट गुर्जर घायल हो गए। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि इस विवाद के दौरान घायल हुए दोनों पक्ष के लोगों को इलाज के लिए बडौदा अस्पताल में दाखिल करा दिया है।

इस मामले में एक पक्ष की ओर से फरियादी बनी बालिका अनिता पुत्री गिर्राज गुर्जर की रिपोर्ट पर रामराज गुर्जर, देवराज, मोनू, दिलखुश, मुरारी, तोलाराम, मुकुट के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से फरियादी रामराज पुत्र मुरारी गुर्जर की रिपोर्ट पर हरिसिंह, गिर्राज, मुकेश, किशन के खिलाफ मारपीट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

### नपाध्यक्ष के पॉवर शिथिल होने से बिगड़ी नपा की व्यवस्था

# अब साफ सफाई के लिए भी भाजपा कार्यालय पर पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत दिनों कोर्ट के निर्देश पर नगर पालिका अध्यक्ष के पावरलेस होने का असर शहर की साफ सफाई पर विपरीत रूप से पड़ता दिखाई दे रहा है। लोगों को साफ़ सफाई कराने के लिए भी नेताओं की शरण में जाना पड़ रहा है। नगर पालिका में अनसुनी के चलते लोग अब भाजपा कार्यालय पर भी शिकायत लेकर जा रहे हैं जहां अधिकारियों को फोन कर समस्या का निराकरण कराया जा रहा है। ऐसा ही नजारा शनिवार को तब देखने में मिला जब थोक फल मंडी समिति ने भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के घर पहुंच कर उनसे फल मंडी परिसर में साफ सफाई करने का अनुरोध किया।

शनिवार को थोक फल मंडी समिति के लोगों ने भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के घर पहुंच कर उनसे थोक फल मंडी में साफ सफाई करवाने का अनुरोध किया।



उन्होंने बताया कि फल मंडी में कचरा पड़ा होने की वजह से पूर्व में तीन बार भयंकर आगजनी हो चुकी है। जिससे करोड़ों रुपए का नुकसान व्यापारी उठा चुके हैं। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परिसर में साफ सफाई होने के साथ कचरा उठाकर ले जाना जरूरी है। नगर पालिका में शिकायत करने जाते हैं तो वहां कोई सुनने को तैयार नहीं है, सफाई कर्मी उक्त कचरे को निजी बताकर उठाने को तैयार नहीं हैं। व्यापारियों की बात सुनने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष भूषण ने सीएमओ आरआर यादव को फोन लगाकर फल मंडी परिसर में नियमित रूप से साफ सफाई करने और बचे हुए कचरे (अवशेषों) को टचिंग ग्राउंड में ले जाकर निस्तारण का सुझाव दिया।

# जिला अस्पताल में धूम्रपान कर रहे 10 अटेंडरों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शनिवार को जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गर्भवती महिला और उनके साथ आए पुरूष अटेंडरों को तंबाकू से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया और उन्हें तंबाकू से दूरी बनाए रखने की समझाइस दी। इसके साथही जिला अस्पताल में धूम्रपान करते मिले 10 अटेंडरों पर जुर्माना भी लगाया गया।

तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने इस अवसर पर जानकारी दी कि धूम्रपान एव तंबाकू शरीर के सबसे बड़े दुश्मन हैं तम्बाकू का सेवन करने से फेफड़ों की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है, तम्बाकू के सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है। पाचन क्रिया प्रभावित रहती है मुंह में घाव बनने लगता है दांत कमजोर होने लगते हैं धीरे-धीरे मुंह का कैंसर बन जाता है। उन्होने महिला पुरूषो को जानकारी दी कि तम्बाकू में 4000 प्रकार के जहरीले रसायन पाए जाते हैं, जिनमें 60 प्रकार के रसायन, कैंसर का कारण होते हैं। इस अवसर पर डॉ प्रदीप शर्मा ने कोटपा एक्ट की धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थल अस्पताल परिसर में धूम्रपान करते हुए पाये जाने वाले 10 लोगों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 300 रूपये का जुर्माना किया गया। इस दौरान कांउसलर हेमलता गर्ग भी मौजूद रही।



# टोपीदार बंदूक के साथ आरोपी को बरगवां पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बरगवां थाना पुलिस ने एक आरोपी को टोपीदार बंदूक के साथ उस समय अरेस्ट कर लिया,जब वह किसी वारदात को घटित किए जाने के इरादे से इलाके में घूम रहा था।

बरगवां थाना पुलिस ने बताया कि बीती शाम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि पप्पू भिलाला के खेत के आसपास एक व्यक्ति टोपीदार बंदूक के साथ घूम रहा है, जो मौका मिलने पर कोई अपराध घटित कर सकता है। इस सूचना पर बरगवां थाना पुलिस ने तत्काल दबिश देकर टोपीदार बंदूक के साथ घूम रहे आरोपी नंदू पुत्र नान सिंह भिलाला निवासी मराठा को प्रकरण दर्ज कर अरेस्ट कर लिया और उसकी बंदूक भी जब्त कर ली।

# 28 से होगा अल्पविराम कार्यशालाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशालाओं का आयोजन विकासखण्ड मुख्यालयों पर 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

शासकीय कर्मचारियों के जीवन में आनंद की अनुभूति तथा कार्यो में सकारात्मकता का भाव बढाने के उद्देश्य से यह कार्यशालाएं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित की जा रही है। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशानुसार 28 अक्टूबर को श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला आयोजित की जायेगी।

इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के लिए जनपद सभागार कराहल में 29 अक्टूबर को तथा विजयपुर विकासखण्ड के लिए जनपद सभागार विजयपुर में 30 अक्टूबर को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित होगी। इन कार्यशालाओं में विकासखण्ड क्षेत्र के 50 से 60 शासकीय अधिकारी, कर्मचारी भाग लेंगे।

**पकौड़िया का सहराना में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 60 रोगियों को मिला उपचार**

श्योपुर।कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा गए निर्देशो के पालन में शनिवार को आयुष विभाग ने कराहल विकासखण्ड के पकौडिया का सहराना में स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर होम्योपैथी कराहल के तत्वावधान में आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ अनूप सोनी द्वारा 60 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में 36 पुरूष रोगी एवं 24 महिला रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर बीमारी अनुसार निशुल्क दवाएं प्रदान की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों के बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। शिविर के माध्यम से उच्चरक्तचाप, मधुमेह, उदर रोग, संधिवात, आमवात, मूत्ररोग, अनिद्रा, अर्श विभिन्न मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी, खांसी, ज्वर, वायरल संक्रमण, दस्त, टाइफाइड, त्वक रोग, एलर्जी, पेटदर्द, सिरदर्द, गले में खराश, आंखों में जलन आदि के मरीजों का उपचार किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को योग प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहारचर्या, औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी गई।



# गांवों में पहुंची मानपुर पुलिस,ग्रामीणों को किया साइबर अपराध के प्रति जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में श्योपुर पुलिस जिलेभर में सायबर जागरूकता अभियान चला रही है।ताकि ग्रामीणों को सायबर अपराध के प्रति जागरुक किया जा सके। इसी क्रम में शनिवार को मानपुर थाना पुलिस ने जैनी, हीरापुर और मानपुर कस्बे में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव ने ग्रामीणों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सायबर धोखाधडी से बचने का पहला तरीका जागरूकता ही है। इसलिए सभी ग्रामीण इस दिशा में खुद भी जागरूक बने और अपने परिवार के लोगो को भी जागरूक बनाए। यदि किसी व्यक्ति के साथ कोई सायबर धोखाधडी हो जाए तो तत्काल इसकी सूचना नजदीक पुलिस थाने में दें। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को जागरूकता संबंधी पत्रक भी प्रदान किए।



### किसानों पर पराली जलाने को लेकर प्रशासन की तैयारी ओर चेतावनी पर उठ रहे सवाल

# सवाल! पराली जलाने पर फैल रहा प्रदूषण तो क्या घूरा जलाने से शुद्ध हो रहा वातावरण?

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत दिनों कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कुछ हार्वेस्टर मशीनों को जप्त कर बडौदा थाने में इसलिए खड़ा करवा दिया था क्योंकि उनमें पराली को काटने वाले यंत्र नहीं लगाए गए थे, जिसके बाद जिले में किसान हितेषी बनने का राजनेताओं में भूचाल सा आ गया लोगों ने पराली जलाने से रोकने के निर्णय को ही गलत बता दिया हालांकि पराली जलाने से पर्यावरण नुकसान होता है इससे कोई इनकार नहीं कर सकता, सुप्रीम कोर्ट ने भी पराली को जलाने से रोकने के निर्देश दिए हैं और कलेक्टर भी सरकारी निर्देश के तहत यह कवायद कर रहे हैं पर क्या पराली जलाने से ही प्रदूषण रुक जाएगा? अगर किसान पराली जलाना छोड़ दें तो क्या वातावरण शुद्ध हो जाएगा?। इस मामले में इस बात पर भी ध्यान रखने कि जरूरत है कि नगर पालिका शहर भर का कचरा एकत्रित कर रोजाना टचिंग ग्राउंड में ले जाकर चलाने का काम कर रही है जिससे मिलो दूर उठता हुआ धुआ सभी को दिखाई देता है पर उस प्रशासन को शायद दिखाई नहीं पड़ रहा जो फिलहाल पराली में ही प्रदूषण तलाश रहा है।

पराली जलाने से कई तरह के नुकसान होते हैं, पराली जलाने से निकले धुंए का स्वास्थ्य पर विपरीत रूप से असर पड़ता है। पराली जलाने को पर्यावरण के लिए नुकसान दायक मानकर ऐसे किसान जी पराली जलाते है को प्रशासन भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दंडित कर जुर्माना लगाने का काम एक साल से कर रहा है। इस साल भी जुर्माने करने का सिलसिला जारी रहेगा इसकी जानकारी कलेक्टर अर्पित वर्मा के के माध्यम से मिल ही रही है। अगर पराली जलाई तो किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जुमांना भी किया जाएगा। पर दूसरी और नगरपालिका शहर से निकले कचरे का निस्तारण जब जलाकर करता है तो क्या उससे पर्यावरण संरक्षण होता है?, पराली और घूरा जलाने पर प्रशासन का डबल स्टैंडर्ड को लेकर किसान नेता और उनके संगठन नाराज हैं।



**किसानों के प्रश्न तार्किक**

किसान नेताओं ओर किसानों का कहना है कि जब नगर पालिका सामूहिक रूप से शहर के घूरे को टचिंग ग्राउंड में जलाती है तो पूरा शहर और आसपास के गांव के धुंए के गुबार में डूब जाते हैं। तब प्रशासन को यह धुंआ शायद पर्यावरण जैसा का नुकसान पहुंचाने वाला दिखाई नहीं पड़ता है? क्या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है कि वह टचिंग ग्राउंड में कचरा का निस्तारण जलने के बजाय दूसरे तरीके से करें जब टचिंग ग्राउंड में प्रशासन कचरे का निस्तारण जलाकर करने से नहीं रोक पा रहा है तो फिर किसानों को फसलों के अवशेष को जलाने से क्यों रोक रहा है।

**ट्रेंचिंग ग्राउंड ही नहीं जगह-जगह जल रहा कचरा**

नगर पालिका कचरे का निस्तारण सिर्फ ट्रेंचिंग ग्राउंड में ही जलाकर नहीं कर रही है बल्कि सफाई कर्मचारी आए दिन विभिन्न बस्तियों में कचरा एकत्रित कर उसे ठचिंग ग्राउंड में जला रहे हैं, ग्राउंड और बस्तियों में कचरा जलाने से वातावरण तेजी के साथ दूषित हो रहा है हालांकि टचिंग ग्राउंड में कचरा का निस्तारण जलाकर करने की मनाही है इसके बावजूद टचिंग ग्राउंड में कचरे का निस्तारण सिर्फ जलाकर किया जा रहा है। कचरा जलाने से निकलने वाले धुएं में मौजूद हानिकारक तत्वों से वसन तंत्र की चीमारियां, अस्थमा, ऑकाइटिस, और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. बच्चों, बुजुर्गों, और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों पर इसका असर सबसे ज्यादा होता है।

**इनका कहना है...**

हमारे गांव के पास बड़ौदा नगर परिषद नहर किनारे कचरा जलाकर वातावरण को दूषित कर रही थी। मैंने कलेक्टर को ज्ञापन देकर वहां कचरा जलाने से रुकवाया पर वह दूसरी जगह जला रहे हैं। किसानों पर पराली जलाने के नाम पर एफआईआर की धमकी या जुर्माना के खिलाफ हम किसानों के साथ खड़े रहेंगे।

**राधेश्याम मीणा,**
**प्रदेश अध्यक्ष किसान यूनियन चढूनी**

टचिंग ग्राउंड में कचरा का निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जा रहा है ताकि कचरा खाद तब्दील हो सके। इसके लिए फटका मशीन लगाई गई है जो कचरे से धातू और पालीथीन को अलग अलग करती है। शीघ्र कचरे से खाद बनाने का काम भी शुरू किया जाएगा। अगर कचरा जलाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित पर कार्रवाई करेंगे।

**सत्यभानू जाटव**
**हेल्थ ऑफिसर नपा**

# महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए हुई रायशुमारी, पांच नामों का बना पैनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बनाने के लिए शुक्रवार को पर्यवेक्षक के रूप में श्योपुर पहुंची संगठन मंत्री मंजू सिकरवार ने विभिन्न दावेदारों से वन टू वन चर्चा की और पांच नामों का पैनल अपने साथ लेकर भोपाल रवाना हो गई। शहर के बड़ौदा रोड स्थित विधायक बाबू जंडेल के निवास जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर महिला जिला काँग्रेस की बैठक आयोजित की गई जिसमे पर्यवेक्षक के रूप में पहुंची मंजू सिकरवार ने महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओ से रायशुमारी ली एवं वन टू वन चर्चा की।

इस दौरान वह अपने साथ महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पांच दावेदारों के नाम अपने साथ ले गई जिनमें से किसी एक के नाम पर मोहर भोपाल में लगाई जाएगी। जिन कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बनने के लिए बायोडेटा सौंपे उनमें वर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शिवहरे, कृष्णा राठौर, मनभर बैरवा, रेनू सेन एवं शमीम खान के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, हंसराज मीणा, शशि केमोर सबलगढ़, कृष्णा राठौर, रेनू सेन, शमीम खान, सोनम रावत, रुबीना खान, मनभर बाई, गुड्डो बाई मीना माहौर, गायत्री बाई, रामधारा बाई आदि कांग्रेसी मौजूद थे।



**वार्ड नं 12 में हुआ स्वागत सत्कार**

महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष की रायशुमारी के लिए आई प्रदेश संगठन मंत्री का पार्षद लक्ष्मी शिवहरे ने वार्ड क्रमांक 12 में स्वागत किया इस कार्यक्रम में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अतुल चौहान, सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ कमल शर्मा, पूर्व पार्षद अनवर बालापुरी पूरी आदि मौजूद रहे। इस दौरान संगठन मंत्री ने महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शिवहरे द्वारा कांग्रेस के लिए दिए जा रहे योगदान की खूब प्रशंसा भी की।

## खबर संक्षेप

### महिला के कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त

**दिनारा।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं एसडीओपी अनुभाग करैरा डॉ. आयुष जाखड के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 25 अक्टूबर को दिनारा थनरा कच्चे रास्ते पर नर्सरी के पास से आरोपी शीला बाई पत्नि स्व. अशोक कजर उम्र 58 साल निवासी ग्राम छितीपुर थाना दिनारा के कब्जे से एक की प्लास्टिक की कैन में 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त कर महिला को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनारा उनि रामेन्द्र सिंह चौहान, उनि रामानंद पचौरी चौकी प्रभारी थनरा, प्रआर हिमांशू चतुर्वेदी, आर. आशीष शर्मा, सैनिक विशाल शर्मा, एनआरएस भगवती केवट की सरहानीय भूमिका रही।

### धोखाधड़ी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली जिला शिवपुरी के अप क्रमांक 375/2024 धारा 409, 420, 467,468,471,120बी भादवि इजाफा धारा 13(1) (ए) भ्रष्टाचार निवारक अधि. में घटना दिनांक से फरार आरोपी मिहीलाल पुत्र किशनलाल परिहार उम्र-60 साल निवासी ग्राम हिनोतिया थाना पिछोर जिला शिवपुरी को थाना पिछोर द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### 315 बोर व 2 जिंदा राउंड के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दिनारा।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में एवं अति पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एसडीओपी करैरा डॉ आयुष जाखड (एसडीओपी) के नेतृत्व में चलाए जा रहे अवैध शराब, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान सभी को दिशा निर्देश दिये गये। मुखबिर की सूचना पर से दिनारा पुलिस ने दिनारा-थनरा रोड कच्चा रास्ता पर अपराध करने नियत से खड़े आरोपी अंकेश पुत्र नंदराम रावत उम्र 20 साल निवासी ग्राम फतेहपुर थाना करैरा को एक 315 बोर की अदिया व 2 जिंदा राउंड के गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी पर पुलिस ने धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीवध्द कर गिरफ्तार किया। कार्यवाही मे दिनारा थाना प्रभारी रामेन्द्र सिह चौहान, उ.नि. रामानंद पचौरी थनरा चौकी प्रभारी एएसआई,सुल्तान सिह, प्र.आर. हिमांशु चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, आर. शिवम यादव, आर. विकाश दुबे, आर. प्रदीप कौरव, सैनिक विशाल शर्मा की भूमिका रही।

## तलाशी के दौरान महकमे को मिली सफलाता महिंद्रा व बकरे बरामद किए

# कचनार पुलिस ने तीन बकरा चोरों समेत 6 लाख रुपए का सामान किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कचनार पुलिस ने आरोपी से महिन्द्रा पिकअप वाहन और नगदी रूपए एवं चुराए गए बकरे बरामद किए है। जप्त किए गए सामान की कीमत 6 लाख रूपए होना बताई गई है। 14 अक्टूबर को फरियादी नंदकिशोर पुत्र नारायण बंजारा उम्र 25 साल निवासी ग्राम भादौन ने अपने घर से लगे टपरे से रात 01 से 03 बजे के मध्य अज्ञात चोर द्वारा अपने 03 बकरे एवं 07 बकरियां चोरी करने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना कचनार में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कचनार को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। दौराने विवेचना घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीव्ही फुटेज एवं सायबर सेल से प्राप्त पीएसटीएन डाटा एवं तकनीकी मदद से अज्ञात आरोपीगणों की तलाश के प्रयास किये गये। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गये माल की तलाशी हेतु थाना प्रभारी कचनार द्वारा उनि. सुनील पुरवैया चैकी प्रभारी भादौन के नेतृत्व में टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा 23 अक्टूबर को बस स्टेण्ड राजगढ एवं ग्राम पिपलिया मोती थाना चाचैडा से आरोपीगण राहुल पुत्र मांगीलाल तवंर उम्र 25 साल निवासी ग्राम जैतपुरा, पर्वत सिंह पुत्र सिंगा भील उम्र 40 साल निवासी ग्राम बोरखेडी थाना जामनेर हाल पिपलखेडा थाना राघौगढ एवं ओम प्रकाश पुत्र भूरालाल भील उम्र 18 साल निवासी ग्राम हिनोतिया लोधन थाना दांगीपुरा जिला झालावाड राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।

घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा पिकअप एम.पी.39जेड.डी.6078 एवं जप्तशुदा काले कलर का बकरा, 4000 रूपये कुल कीमती करीबन 6,00,000 रूपये का जप्त किया जाकर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कचनार उनि. पूनम सेलर, चैकी प्रभारी भादौन उनि. सुनील पुरवैया, आर. सुनील पाल, आर. कुलदीप, आर. सत्येन्द्र कुश्वाह, आर. अखलेश सायबर सैल सउनि. संजय गुप्ता, सउनि. अभिजीत सिंह, आर. प्रशांत भदौरिया, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि अशोकनगर पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में प्रभावी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीरखेड़ा निवासी दीपक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुखवीर और लालसाहब अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुखवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिलीप और दीपक अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौद निवासी सौरभ कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात 4 आरोपियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौली निवासी सुल्तान सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामप्रसाद अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिले में सड़क दुर्घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम सुमेर निवासी कल्याण केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत डुंगासरा निवासी देवेन्द्र पुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चंदेरी मुंगावली रोड़ पर एक कार के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाया जिससे राजेश लोधी की मौत हो गई। कार का नम्बर यूपी 32 डीसी 1688 है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत राजकुमार पुत्र निरंजन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडबी 1620 के चालक कार्तिक रघुवंशी ने ग्राम लिधौरा में सड़क मोड़ पर अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर परी पुत्र मोनू अहिरवार उम्र 6 साल को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत जितेन्द्र पुत्र संतराम सिंह अहिरवार निवासी ग्राम बमनाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोकनगर गुना रोड़ पर बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मारी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### एडवाइजरी जारी, कार्बाइड गन अत्यंत घातक, जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**अशोकनगर।** वर्तमान में कार्बाइड गन उपयोग से व्यक्ति घायल हो रहे है। साथ ही गंभीर बीमारी हो रही है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये जिला अशोकनगर अंतर्गत निम्नानुसार प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) तैयार कर विक्रय किए जा रहे है। जिसे लेकर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति/संस्थाएं व्यापारी प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) का निर्माण, भण्डारण, विक्रय नहीं करेगा और न ही क्रय करेगा। किसी प्रकार के अवैध प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) की बिक्री वितरण या प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। एसडीएम, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट,पुलिस अधिकारी एवं संबंधित विभाग इस आदेश के सख्त अनुपालन की निगरानी करेंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

### जिले में जुआ के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के कईं थाना क्षेत्रों में पुलिस ने जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस ने हाटकापुरा में तास के पत्तों से जुआ खेलते हुए धर्मलाल प्रजापति, कल्लू, पप्पू, दसरथ, जीवन खटीक, सचिन खटीक और विपिन बरार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से तास की गडडी और 5100 रूपए बरामद किए गए हैं। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम भीकली में मंदिर के समीप तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए मान सिंह अहिरवार, रविन्द्र कुशवाह, मीनू राजा यादव, गोलू यादव, अजय अहिरवार और संतोष अहिरवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 11650 रूपए, 4 मोटरसाईकिल व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिले की पिपरई पुलिस ने तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए शक्ति माता मंदिर के पास बबलू यादव, अक्षय यादव और शंकर ओझा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 3040 रूपए और तास की गडडी बरामद की है।

## बैंक अधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारियों की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बैठक कक्ष में बैंक अधिकारियों के साथ एक साझा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कवर, एसडीओपी विवेक शर्मा, आदि उपस्थित थे। वर्तमान में देशभर में साइबर क्राइम को लेकर 1930 नम्बर है मध्यप्रदेश में भी पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम को लेकर एक नम्बर जारी किया गया है।

### कैंसे बचें साइबर फ्रॉड से

- किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट तब तक स्वीकार न करें जब तक उस व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से न जानते हों। अनजान लोगों को अपनी फ्रेंड लिस्ट में शामिल न करें।
- अपना पासवर्ड नियमित अंतराल पर बदलते रहें। यह ध्यान रखें की कितने दिन पहले आपने अपना पासवर्ड बदला बदला था। अपना पासवर्ड मजबूत बनाएं।
- अपने नाम या मोबाइल नंबर आदि को अपना पासवर्ड बिलकुल भी न बनाएं। आपका पासवर्ड अक्षर स्पेशल करेक्टर नंबर, कैपिटल अक्षर तथा स्माल अक्षर आदि का कॉम्बिनेशन होना चाहिए।
- अपना सोशल मीडिया की लॉगिन की जानकारी जैसे लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड आदि किसी को भी न दें। यह आवश्यक नहीं है की आप जहाँ भी हो, वहां की लोकेशन हर समय शेयर करते रहे।
- सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी, निजी फोटोग्राफ तथा ऐसी जानकारी जो केवल आपके पास होनी चाहिए, उसे कभी भी सोशल मीडिया पर शेयर न करें।
- यदि आपके सोशल मीडिया अकाउंट पर कोई अनजान लिंक आया है उस पर बिल्कुल भी क्लिक न करें और न ही उस लिंक पर कोई जानकारी

### महिलाओं हेतु साइबर अपराध से बचने के उपाय

- सोशल मीडिया पर अनजान लोगो की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।
- अपने पिन/पासवर्ड आदि कभी भी किसी के साथ साझा न करें, और न ही कहीं लिखकर रखें।
- अनजान नंबरों से आए वीडियों कॉल रिसीव न करें।
- ऑनलाइन चैट पर आपत्तिजनक /अंतरंग फोटो/वीडियो आदि साझा न करें।
- अपने मोबाइल, कंप्यूटर आदि पर कभी भी अंतरंग/निजी फोटो/ वीडियों आदि निर्मित न करें।
- सोशल मीडिया पर किसी मित्र द्वारा मजबूरी बताकर पैसों की मांग करने पर तुरंत पैसे जमा न करें, पहले किसी अन्य विश्वसनीय माध्यम से पुष्टि कर लें।
- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ऑनलाइन मित्र से एकांत में अकेले मिलने न जाएं।
- ऑनलाइन मित्र द्वारा भेजा

## रेस्ट हाउस में अवैध ठहराव पर एसडीएम की सख्ती

# टाइम कीपर को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

अनाधिकृत व्यक्तियों की उपस्थिति और बिना अनुमति वाहनों के विश्रामगृह परिसर करैरा में पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी करैरा अनुराग निंगवाल ने करैरा विश्राम गृह के प्रभारी समयपालक गोपाल दास कोली को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

यह कार्रवाई स्थानीय स्तर पर मिल रही शिकायतों और औचक निरीक्षण में मिली अनियमितताओं के आधार पर की गई है। हाल ही में करेरा स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के अज्ञात व्यक्तियों के ठहरने तथा परिसर में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों की पुष्टि हेतु 25 अक्टूबर 2025 को एसडीएम करैरा ने स्वयं विश्रामगृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्ष क्रमांक 2 में एक अज्ञात व्यक्ति ठहरा हुआ पाया गया, जिसका वीडियो प्रमाण भी संधारित किया गया। साथ ही परिसर में लगभग 15 से 20 निजी वाहन बिना किसी कारण के खड़े मिले।

एसडीएम निंगवाल ने बताया कि इस प्रकार विश्रामगृह के कक्षों को अज्ञात व्यक्तियों को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के किराये पर देना या निःशुल्क ठहराना न केवल शासन के राजस्व को क्षति पहुंचाता है, बल्कि यह शासन की संपत्ति के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है। परिसर में बड़ी संख्या में वाहनों और व्यक्तियों की उपस्थिति अनैतिक गतिविधियों की संभावना को दर्शाती है, जिसमें टाइम कीपर की संलिप्तता प्रथम दृष्टया पाई गई है। यह कृत्य अत्यंत गंभीर एवं दंडनीय माना गया है। एसडीएम ने टाइम कीपर को निर्देशित किया है कि वह राजस्व वर्ष 2025-26 में विश्रामगृह में ठहरे सभी अधिकृत अथवा अनाधिकृत व्यक्तियों की सूची, संधारित पंजी एवं शासन को देय शुल्क की राशि के विवरण सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही उन्हें आगामी जांच हेतु व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण देना अनिवार्य किया गया है। निर्देशों का पालन न करने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बच्चों में दिव्यांगता की शीघ्र पहचान हेतु 27 को स्क्रीनिंग शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** दिव्यांगता की शीघ्र पहचान हेतु 0 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों में जिला मेडीकल बोर्ड एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी बनाये जाने हेतु ग्राम पंचायत मल्हारगढ़ विकासखण्ड-मुंगावली में 27 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से सायंकाल 04 बजे तक शिविर का आयोजन किया जावेगा। उक्त शिविर में 0 से 18 वर्ष के ऐसे बच्चें जो किसी भी प्रकार की दिव्यांगता से पीड़ति है के दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी बनाये जायेगें।

# सिंगर ने मंगेतर से 7 माह संबंध रखकर छोड़ दिया, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले में देश के प्रसिद्ध सिंगर अनूप जलौटा, कैलाश खेर के साथ अपनी पोस्टें वायरल करने वाले जिले के एक सिंगर ने युवती से शादी तय हो जाने और सगाई-फलदान हो जाने पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया और फिर शादी से पहले शारीरिक संबंध बना लिए, जब मन भर गया तो अपनी मंगेतर को ठुकरा कर बनाए शारीरिक संबंधों पर यह कह देना कि यह तो मेरे लिए लिए छोटी सी बात। अपनी मंगेतर के साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसे ठुकराने के आरोप में पुलिस ने आरोपित सिंगर के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कर शुक्रवार को उसे जेल भेजने की कार्रवाई की है।

दर असल मामला जिले की पर्यटन नगरी चंदेरी का है यहां के निवासी सिंगर अवधेश गोस्वामी जो कि देश के प्रसिद्ध सिंगर अनूप जलौटा और कैलाश खेर जैसे सिंगरों के साथ अक्सर अपनी पोस्टें वायरल करते। उन पर चंदेरी की 30 वर्षीय युवती ने दुष्कर्म का मामला गुरुवार को दर्ज कराया। जिस पर आरोपित सिंगर को चंदेरी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

युवति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि करीब एक साल पहले उसकी जान पहचान अवधेश गोस्वामी से हुई थी। आरोपित के पिता को भी वह चाचा कहकर बोलती थी। पिछली दीपावली पर उनके घर नाश्ता करने बुलाया गया था, जहां उसकी पहली मुलाकात अवधेश से हुई थी। तत्पश्चात दोनों ने एक-दूसरे के मोबाइल नम्बर भी लिए थे। दोनों के बीच बातें शुरू हो जाने पर अवधेश ने उसे पसंद करने की बात कहते हुए शारीरिक संबंध बनाने की बात की, उसके द्वारा मना कर दिया गया। बाद में तीन फरवरी 2025 को दोनों के परिजनों की सहमती से मंदिर में दोनों की शादी तय हो गई।

रिपोर्ट में युवती ने आरोप लगाया कि उसकी शादी तय हो जाने के दूसरे दिन दोपहर में अवधेश फिर उसके घर आया और फिर शादी तय हो जाने की कहकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने दबाव बनाया। बताया गया कि शादी के विश्वास के कारण वह मना नहीं करा। उसके बाद 22 अप्रैल उसके जन्मदिन के अवसर पर फिर इंदौर की एक होटल में शादी के नाम देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके तत्पश्चात 5 मई 2025 को दोनों की विधिवत सगाई-टीका फलदान, गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित हो गया। फिर इसके बाद आरोपित युवती के साथ अलग-अलग स्थानों पर शादी के नाम पर शारीरिक संबंध बनाता रहा और बीते अगस्त माह तक आखरी बार शारीरिक संबंध स्थापित किए। जानकारी में बताया कि अब इसके बाद अवधेश अपनी मंगेतर से दूर हटने लगा, और उसका मोबाइल नम्बर भी ब्लॉक कर दिया। युवती की हालत देखकर उसके परिजन भी परेशान हो गए। जब युवती ने यह बात यहां तक बिगड़ी की टीका-फलदान तक वापस हो गया। जब युवती ने अवधेश से शारीरिक संबंध बनाने और शादी से मना करने का कारण जानना चाहा तो उसका कहना कि यह तो उसके लिए छोटी सी बात है। यह बात सुन युवती दंग रह गई। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित सिंगर अवधेश गोस्वामी के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### इनका कहना है...

युवती द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी शादी का लालच देकर उसके साथ कई बार संबंध बना चुका है। युवती अपने पिता के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने आई थी। आरोपी ललितपुर का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**राजीव कुमार मिश्रा** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर

# तूमैन में बैठादेव दिगंबर जैन आदिनाथ मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर प्राचीन और पुरातत्वीय नगरी तूमैन के बैठादेव मंदिर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी के दर्शन करने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### प्रतिमाएं अनगिनत संख्या में मिलती हैं

यह प्रतिमा अत्यंत प्राचीन है तूमैन नगरी से जैन और हिन्दू धर्म की प्रतिमाएं अनगिनत संख्या में मिलती रहती हैं। उन्हीं में से एक बैठादेव भगवान की यह मूर्ति हैं जिसे जैन समाज द्वारा मंदिर का आकार प्रदान कर इसे भव्य रूप दिया गया है। जितने भी जैन श्रद्धालु अशोकनगर पहुंचते हैं वह सभी श्रद्धालु तूमैन नगरी में दर्शन करने के लिए भी आ रहे हैं। इन दिनों अशोकनगर में दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर महाराज विराजमान है। मुनि श्री के देश भर में अनुयायी हैं। जहां भी मुनि श्री होते हैं वहां पर यह श्रद्धालु अवश्य पहुंचते हैं। यही कारण है कि यहां आने वाले श्रद्धालु मुनिश्री के दर्शनों के उपरांत तूमैन स्थित बैठादेव मंदिर पर भी दर्शन करने जा रहें हैं यहां मनोहारी प्रतिमा के दर्शन करने के बाद श्रद्धालु भाव विभोर हो जाते हैं और घंटों तक यहां बैठकर भगवान की आराधना कर रहे हैं।

**दर्शन करने के बाद श्रद्धालु भाव विभोर हो जाते हैं और यहां आराधना करते हैं**



# अपना घर आश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन




**शिवपुरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में एवं रंजना चतुर्वेदी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की अध्यक्षता में शनिवार को अपना घर आश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित प्रभुजीओं को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में नालसा मानसिक और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना 2024 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017, नालसा नालसा मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकार आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

## कार्यालय में लगे गमलों में पानी न देने से पौधे सूखे, कई सूखने की कगार

# दीपावली का त्योहार होने से पौधों की अनदेखी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय के संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में जो कार्यालयों के बाहर गमले लगाए गए हैं उन गमलों में विभिन्न प्रजाति के सुन्दर पौधे लगे हुए हैं लेकिन इन गमलों में पानी नही दिए जाने के कारण इन गमलों में लगे हुए पौधे सूख रहे हैं।

जिले भर में पौधरोपण और पर्यावरण स्वच्छता का संदेश देने वाले इन अधिकारियों ने अपने ही कार्यालयों के बाहर रखे गमलों को नजर अंदाज कर रखा है। जिसके कारण इन गमलों में लगे पौधे सूख रहे हैं। इन गमलों में जो पौधे लगे हैं उन्हे पानी की जरूरत है लेकिन पिछले दिनों दीपावली का त्योहार होने के कारण इन पेड़ो में पानी डालने वाला भी कोई नहीं है। जिसके कारण कईं पेड़ सूख गए हैं, कईं गमलों में लगे पेड़ तो अभी हरे भरे हैं अगर उन्हे पानी नहीं दिया गया वह भी नष्ट हो सकते हैं। जो गमले टूट गए हैं उन्हें बदलने की दशा में भी कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। कईं गमलों में पानी की बोतल पड़ी पाई गई लेकिन उसे कोई हटाने वाला तक नहीं है। जबकि पर्यावरण और पौध रोपण को लेकर जिले के अधिकारियों की है। ऐसी स्थिति में इन पेड़ों को सरंक्षित और सुरक्षित करना जरूरी है ताकि वह नष्ट होने से बच सकें।



